समाचार

# आयुक्त ने किया कोरबा एवं टी.पी.नगर जोन का सघन दौरा

## (प्रगतिरत, प्रस्तावित विकास व निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश)



कोरबा 18 सितम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज कोरबा जोन एवं टी.पी.नगर जोन के विभिन्न वार्डो का सघन रूप से दौरा किया, उन्होने वार्डो में प्रगतिरत कार्यो व प्रस्तावित निर्माण कार्य स्थलों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया तथा कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए। दौरे के दौरान उन्होने साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं सफाई व्यवस्था में सुधार के संबंध में कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री राहुल देव ने आज कोरबा व टी.पी.नगर जोन के विभिन्न वार्डो का दौरा किया, उन्होने सुनालिया बाईपास रोड, ओव्हरब्रिज नीचे का क्षेत्र, रेलवे क्रांसिंग, उषा काम्पलेक्स,पुराना बस स्टैण्ड, ईतवारी बाजार, रानी रोड, पुरानी बस्ती, विश्वनाथ मंदिर के समीप बस्ती, दुरपा रोड, गांधी चौक, मोतीसागरपारा, इमलीडुग्गू चौक, भिलाईखुर्द चौक, बरपारा, भवानी मंदिर परिसर, विवेकानंद उद्यान, स्टेडियम क्षेत्र आदि का सघन रूप से दौरा करते हुए प्रगतिरत व प्रस्तावित कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने वार्ड क्र. 04 में निर्माणाधीन गार्डन, पुराना वेयर हाउस स्थित निर्माणाधीन उद्यान, वार्ड क्र. 04 में नाला निर्माण कार्य, रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा वहां पर प्रस्तावित सामुदायिक भवन निर्माण स्थल का अवलोकन किया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा में आर.सी.सी.नाली व सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा बस्तीवासियों से चर्चा कर जानकारी ली कि सभी घरों में नल कनेक्शन हुए हैं या नहीं, पानी समय पर आता है या नहीं, डस्टबिन घरों में उपलब्ध है या नहीं, कचरा समय पर उठता है या नहीं आदि की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री राहुल देव ने बरपारा इंडस्ट्रीयल एरिया में बनने वाली सड़क एवं भवानी मंदिर परिसर में शेड व बाउण्ड्रीवाल निर्माण तथा दर्री कोरबा मुख्य मार्ग से भवानी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण के प्रस्तावित कार्यो का भी स्थल निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**बैडमिंटन कोर्ट निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाएं**– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री देव ने इंदिरा स्टेडियम परिसर में नवनिर्मित वालीबाल कोर्ट, लान टेनिस कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट के समीप रिक्त पड़े स्थान पर बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण का प्रस्ताव त्वरित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, उन्होने विवेकानंद उद्यान के प्रवेशद्वार पर सेल्फी जोन बनाने के निर्देश भी दिए। विवेकानंद उद्यान में व्हेवपूल, वाटर पार्क आदि का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**सी. एण्ड डी.वेस्ट डम्पिंग पर अर्थदण्ड** – सुनालिया पूल दर्री रोड बाईपास मार्ग पर महेन्द्र एंजेसी के पास काफी मात्रा में सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग की गई है, आयुक्त श्री राहुल देव ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित पर अर्थदण्ड किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उषा काम्पलेक्स के सामने काफी मात्रा में प्लास्टिक अपशिष्ट व कचरा आदि फेंका गया था, जिसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री देव ने संबंधित को नोटिश देने एवं अर्थदण्ड लगाए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**साफ–सफाई कार्यो का किया निरीक्षण**– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री देव ने इन सभी स्थानों पर साफ–सफाई कार्यो का भी निरीक्षण किया, पुराना वेयर हाउस स्थित उद्यान निर्माण स्थल के समीप कचरा पड़ा होने पर नाराजगी जाहिर की तथा तत्काल कचरे को उठाने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि नालियों की नियमित सफाई, कचरे का तुरंत उठाव एवं उसका परिवहन का कार्य सुनिश्चित करें तथा यह देंखे कि सफाई के दौरान उत्सर्जित कचरा स्थल से तुरंत उठा लिया जाए।

**औचित्यहीन प्राक्कलन बनाने पर निलंबन की कार्यवाही**– आयुक्त श्री राहुल देव ने कोरबा जोनांतर्गत पुरानी बस्ती में खुशबू जनरल स्टोर से गांधी चौक तक के प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य स्थल का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा कार्य के संबंध में औचित्यहीन प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अभियंता को नोटिस जारी करने एवं निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**जोन कार्यालयों का किया निरीक्षण** – आयुक्त श्री राहुल देव ने कोरबा जोन कार्यालय एवं टी.पी.नगर जोन कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होने जोन में पदस्थ स्टाफ एवं अभियंताओं के कार्यो की विस्तार से जानकारी ली, जोन में प्रगतिरत कार्यो एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित किए जा रहे आवासगृहों की कार्यप्रगति की जानकारी ली, इसी प्रकार सम्पत्तिकर, जलकर, समेकित कर, संबंधित राजस्व वसूलियों की कार्य प्रगति को देखा। उन्होने जोन के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए दस्तावेजों व पंजियों का भी सूक्ष्मता से निरीक्षण किया तथा कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। टी.पी.नगर जोन कार्यालय को सुव्यवस्थित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा एवं आर.के. चौबे, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर व प्रकाश चन्द्रा, सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी राजबहादुर सिंह, उप अभियंता अभय मिंज, सोमनाथ डहरे, राजस्व निरीक्षण शशांक दुबे, सुमित गुप्ता, नीलाम्बर यादव, परमानंद राठौर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।